तापमान

अधिकतम 37.4 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 24 मई 2026



13 डौंडी लोहारा में संत शिरोमणि रविदास अहिरवार...



13 सुशासन तिहार के तहत ग्राम संजारी में जनसमस्या...











## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश में युवक पर हमला

**बालोद।** पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक पर हमला कर दिया। जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसके बाद युवक द्वारा मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 118(1), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम धौराभांठा थाना उतई जिला दुर्ग निवासी सोनू साहू 26 ने पुलिस को बताया कि ग्राम धौराभांठा से अपने दोस्त संजीव साहू के शादी कार्यक्रम बारात मे ग्राम जोरातराई अपने दोस्त रितेश कुमार साहू, देवेश साहू, देवेन्द्र साहू के साथ आया था। ग्राम जोरातराई में रामलाल साहू के शादी घर के पास रोड में बारात परघानी के समय रात मे ग्राम धौराभांठा से बारात मे आये बाजा बजाने वाला लडका खिलेश्वर साहू पुरानी रंजिश पर से मुझे देखकर गालियां देते हुये अपने हाथ मे बजा रहे झांझ से मेरे सिर मे मारकर चोट पहुंचाया है, जिससे मेरा सिर फट गया और खून निकला है।

### युवक को बाइक ने मारी टक्कर

**बालोद।** सड़क पार कर नास्ता करने जा रहे युवक को मोटर साइकिल ने ठोकर मार दी। जिसके बाद युवक के पिता ने युवक को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 184, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। राम सोरर निवासी पवन यादव ने पुलिस को बताया कि मेरा लड़का मुरारी लाल यादव तथा तामेश हल्बा, खिलू कोसरे के साथ कोचवाही धान खरीदी केन्द्र सोसायटी में मजदूरी करने गया था, सुबह सोसायटी से बाहर नास्ता करने होटल जा रहा था उस दौरान सोसायटी के सामने एनएच 30 पर पुरूर तरफ से आ रहे मोटर साइकिल सीजी 04 क्यूवी 8113 के चालक ने एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे मेरे लड़के का दाहीने जांघ तथा अगूठा में चोट लगा था, घटना की जानकारी होने पर मैं कोचवाही जाकर अपने लड़के मुरारी लाल को धमतरी ले जाकर भर्ती किया हुं।

### दो किसानों में विवाद मारपीट का मामला दर्ज

**बालोद।** खेत में पानी छोड़ने की बात को लेकर दो किसानो में वाद विवाद हो गया। जिसके बाद पीड़ित किसान ने मारपीट करने वाले किसान के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई हैं। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), शेष पेज 12 पर

विभिन्न गांवों का दौरा कर जानी योजनाओं की जमीनी हकीकत

# जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीण विकास योजनाओं का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- मनरेगा कार्यों और ट्रेंच निर्माण का लिया जायजा
- बित आवास कार्य जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने आज जिले में ग्रामीण विकास योजनाओ की जमीनी हकीकत जानने बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा, रानीतराई एवं सांकरा (ज) एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी का दौरा किया।

इस दौरान सीईओ चंद्रवंशी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत निर्मित ट्रेन्च एवं अन्य कार्य, स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण अंतर्गत गांवो में स्वच्छता प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निर्मित कचरा संग्रहण शेड एवं मैजिक पीठ तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत लंबित एवं निर्माणाधीन कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण पूरा कराने को कहा। इसके साथ ही चंद्रवंशी ने ग्रामीणों को अपने ग्रामो को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु अपील की।

सीईओ चंद्रवंशी ने गिरते भू–जल स्तर को देखते हुए जल संचय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आवासों एवं अन्य निर्माण कार्यों में जन सहयोग, जन–भागीदारी के माध्यम से रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण अनिवार्य रूप से करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत हितग्राहियों के आवासो के निकट पौधरोपण करने प्रोत्साहित करने हुए जल संचय तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान सहायक परियोजना अधिकारी, मनरेगा, पीएम आवास, एनआरएलएम, एसबीएम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बालोद, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, विकासखण्ड समन्वयक एवं तकनीकी सहायक, जनपद पचांयत बालोद एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# बालोद पुलिस को मिली अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन, घटनास्थल पर होगी त्वरित वैज्ञानिक जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- आधुनिक तकनीकों से लैस है वैन
- जनता का बढ़ेगा भरोसा

जिला में होने वाली घटनाओं, दुर्घटनाओं की अब घटनास्थल पर ही त्वरित वैज्ञानिक जांच, साक्ष्य संग्रहण एवं विश्लेषण संभव होगा, जिससे जांच अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनेगी। यह जिले को मिले अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन से संभव हो सकेगा।

भारत सरकार के गृह मंत्रलय एवं छत्तीसगढ़ शासन की पहल से बालोद का अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन प्राप्त हो गई है। इसका आज लोकार्पण हुआ। पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल ने बताया कि इस सुविधा से घटनास्थल पर ही साक्ष्यों का वैज्ञानिक संरक्षण एवं परीक्षण संभव होगा। इससे साक्ष्य खराब होने की संभावना कम होगी, जांच की गुणवत्ता बेहतर होगी तथा न्याय प्रक्रिया को गति मिलेगी।

ठस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष बालोद प्रतिभा चौधरी ने कहा कि आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित यह वैन पुलिस की कार्यक्षमता को नई मजबूती प्रदान करेगी। इससे आमजन को त्वरित सहायता मिलेगी और सुरक्षा व्यवस्था अधिक सुदृ ढ़ होगी। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि तकनीक आधारित पुलिसिंग वर्तमान समय की आवश्यकता है। यह पहल अपराध जांच को मजबूत करने के साथ–साथ न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास बढ़ाएगी। वैज्ञानिक अधिकारी एफएसएल डॉ. स्मिता रानी भारदीय ने बताया कि वैन में घटनास्थल पर ही विभिन्न प्रकार के साक्ष्यों की जांच हेतु अत्याधुनिक किट्स एवं उपकरण उपलब्ध हैं, जिससे जांच को त्वरित एवं सटीक शेष पेज 12 पर



**मोबाइल फॉरेंसिक वैन में उपलब्ध उपकरण एवं सहायक सामग्री**

माइक्रोस्कोप, लैपटॉप–प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, वेटिंग मशीन, डीएसएलआर कैमरा, मिनी–रेफ्रिजरेटर, एलईडी स्क्रीन, बॉडी कैमरा, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, बारकोड स्कैनर–प्रिंटर, जनरेटर, डिजिटल जांच किट एवं मैग्निफाइंग लेंस जैसी सुविधाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा विकास पाटले, डीएसपी राजेश बागड़े, डीएसपी श्रुति चक्रवतएँ, डीएसपी माया शर्मा, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुकानदार पर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ज्यादा दाम बताने पर शुरू हुई गाली–गलौज

ज्यादा मूल्य में अंडा बेचने की बात को लेकर पांच से अधिक लोगो ने दुकानदार पर हमला कर दिया। जिसके बाद दुकानदार ने गाली गलौज व मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 190, 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट लिखाई है। अर्जुन्दा निवासी लालू प्रसाद राजपूत ने पुलिस को बताया कि ग्राम मोहंदीपाट मे शासकीय शराब भठ्ठी में मेरे मंझले भाई नत्थन सिंह के नाम से आहता है। रोज कि तरह रात्रि 09:30 बजे दुकान को बंद करने किकी लगभग तैयारी कर रहे थे, तभी ग्राम खुरसुल का प्रदीप बंजारे अपने साथी के साथ कार मे आये और प्रदीप बंजारे आहता में आकर अंडा मांगा, जिसे मेरे मंझले भाई नत्थन ने एक अण्डा दिया, जिसकी कीमत 15 रूपये बताने पर प्रदीप बंजारे ने ज्यादा भाव में दे रहे हो कहते हुए गाली गलौज करना शुरू कर दिया, हम उसे गाली गलौज करने से मना किये तो प्रदीप के साथ आये देवी बंजारे भी आकर हमे गाली गलौज करने लगा, प्रदीप बंजारे ने फोन करके अपने गॉव के लोगो को आहता में बुला लिया, जिसमे खुरसुल से अरविंद बंजारे व रवि बंजारे और संजय जांगडे आ गये और सभी मिलकर हम लोगो को गाली गलौज कर जान से मार देंगे बोलकर अरविंद बंजारे ने डण्डा से नत्थन को पीछे से सिर में मार दिया, फिर सभी लोग मुझे, देवी सिंग, राजकुमार यादव को हाथ मुक्का और डण्डा से मारपीट करने लगे, घटना फिर उसमें से देवी बंजारे अपनी कार को लेकर वहां से भाग गया, तब तुरन्त हम लोग अपने मंझले भाई को लेकर अस्पताल लेकर आये है, मारपीट से मेरे घुटने, दाहिना कंधा व बडे भाई के हाथ के दाहिने अंगूठे में चोट आयी है।

# परिवार में मारपीट, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

परिवारिक मान सम्मान की बात को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हो गया। जिसके बाद दोनों ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम तमोरा निवासी सुमीन देशलहरे 40 वर्ष ने पुलिस को बताया कि ग्राम पांगरी मेरा मायका है, मैं अपने परिवार के साथ ग्राम पांगरी अपने भाई स्व0 कामता प्रसाद की लडकी भतीजी नेहा बंजारे की शादी कार्यक्रम में पारिवारिक मान सम्मान की बातों को लेकर भाभी दीना बंजारे व भतीजी प्रियंका जांगडे और पल्लवी बंजारे के साथ विवाद हुआ था।

सुबह ग्राम पांगरी स्थित घर में पुनः रात में हुए विवाद और जमीन बंटवारे की बात को लेकर भाभी दीना बंजारे व भतीजी प्रियंका जांगडे और पल्लवी बंजारे ने मुझे और मेरी बहन कांति लहरे को गालियां देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये, मेरे बाल पकडकर खींचे है, बीच बचाव करने आये मेरे चाचा का लडका भाई नारायण बंजारे व नरेन्द्र बंजारे के साथ भी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किये है, मारपीट से मुझे दाहिने हाथ में कलाई के पास चोट आयी है और मेरी बहन कांति लहरे को गला, बांया हाथ के कलाई, दाहिने हाथ के कोहनी के पास चोट आयी है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दूसरे पक्षकार ग्राम निकुम निवासी प्रियंका जांगडे 29 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मैं अपने अपनी छोटी बहन नीलिमा बंजारे के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम पांगरी अपने पति अजय जांगडे, बच्चो के साथ मायका आई थी। शादी कार्यक्रम के दौरान रात परिवारिक मान सम्मान की बातों को लेकर बुआ कांति देशलहरे, सुमीन देशलहरे तथा चाचा नारायण शेष पेज 12 पर

# राहुल गांधी के बयान के विरोध में भाजयुमो ने किया पुतला दहन

- लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचाने का आरोप
- बयान को बताया गैरजिम्मेदाराना और दुर्भाग्यपूर्ण
- बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता रहे उपस्थित

**बालोद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पाटएँ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और राहुल गांधी से देश की जनता से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने राहुल गांधी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण, गैरजिम्मेदाराना और अराजक मानसिकता का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में मर्यादा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक सौहाद्र का विशेष महत्व है, लेकिन कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी लगातार इन मूल्यों को ठेस पहुंचा रही है।



उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार के बाद कांग्रेस नेताओं में हताशा साफ दिखाई दे रही है, जिसका असर उनकी भाषा और व्यवहार में नजर आ रहा है। लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेतृत्व के खिलाफ इस प्रकार की टिप्पणी देशवासियों की भावनाओं का अपमान है। भाजयुमो पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन कर रही है, जिसे देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष गुलशन साहू, महामंत्री अनूप देशमुख, जिला मंत्री आशुतोष कौशिक एवं धनंजय साहू, जिला मीडिया प्रभारी अभिन्न यादव, जिला प्रसार प्रमुख जागेश्वर धीमर, जिला कार्यालय मंत्री राहुल साहू, भाजयुमो बालोद अध्यक्ष राहुल सोनी, महामंत्री कमल बजाज, तुषार धीमर, कोषाध्यक्ष समकित जैन सहित बालोद शहर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिकायत करने से नाराज युवक ने की मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** पिता के पास अपनी शिकायत करने से नाराज युवक ने शिकायतकर्ता युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम माहुद अ निवासी शेष पेज 12 पर


तुरंत आराम के लिए

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732

लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज

पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज

बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


बेजुबान की जान बचाना हमारा पहला फर्ज है : मौर्य मंडल

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बछिया का मौके पर उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

आज सुबह 8 बजे डौंडी के मथाई चौक मुख्य मार्ग से बंधिया पारा रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बछिया गंभीर रूप से घायल हो गई। पैर में गहरे जख्म से वह तड़प रही थी।स्थल के पास प्रत्यक्षदर्शियो से सूचना मिलते ही मौर्य मंडल डौंडी की टीम फौरन हरकत में आई। टीम लीडर निखिल अग्रवाल अपने साथियों के साथ मिनटों में मौके पर पहुंच गए। खास बात ये है कि टीम पशु अधिकारी का इंतजार किए बिना स्वयं ही पूरा इलाज करती है।

मौके पर तत्काल अपने सहयोगियों के साथ इलाज किया तस्वीर में साफ दिख रहा है कि टीम के पास अपना पूरा मेडिकल किट रहता है। युवाओं ने सबसे पहले बछिया को सड़क से हटाकर सुरक्षित किया। फिर खुद ही जख्म को साफ कर एंटीसेप्टिक लगाया, ड्रेसिंग की और दर्द-इंफेक्शन के इंजेक्शन दिए। पानी पिलाकर उसे राहत दी। युवाओं ने खुद ही बछिया के जख्म को साफ किया, दवा लगाई, ड्रेसिंग की और जरूरी इंजेक्शन दिए। बछिया को पानी पिलाया और छांव में लिटाया। पूरी टीम तब तक वहीं डटी रही जब तक बछिया की हालत स्थिर नहीं हो गई।



निखिल अग्रवाल ने अपील की हमारी टीम 24x7 तैयार है। डौंडी क्षेत्र में कहीं भी कोई पशु घायल या बीमार दिखे तो तुरंत मेरे नंबर 7470480133 पर कॉल करें। हम डॉक्टर का इंतजार नहीं करते, क्योंकि एक-एक मिनट कीमती है। बेजुबान की जान बचाना हमारा पहला फर्ज है। पशु डॉक्टर आने में कई बार देर हो जाती है और तब तक बेजुबान की जान पर बन आती है। इसलिए हमने खुद ही सीखा है। हमारा मकसद सिर्फ इनकी जान बचाना है। मौर्य मंडल के युवा रोबिन चौहान, नविन शर्मा, टीकू ठाकुर, नीलेश वैस्नव सहित टीम के अन्य सदस्यों ने प्राथमिक पशु उपचार का प्रशिक्षण लिया है और अपनी मेडिकल किट शेष पेज 12 पर




# जेआरडी स्कूल बनेगा रोल मॉडल, नीट और जेईई के लिए मिलेगी कोचिंग

## शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को स्कूल को बेहतर बनाने के लिए किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के सबसे पुराने एवं ऐतिहासिक जेआरडी मल्टीपरपस स्कूल के संरक्षण और शैक्षणिक उन्नयन को लेकर प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने शिक्षा विभाग एवं आरईएस के अधिकारियों के साथ विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। देश की आजादी से पूर्व स्थापित इस विद्यालय से दुर्ग शहर की कई पीढ़ियों की भावनात्मक स्मृतियाँ जुड़ी हुई हैं।

वर्षों से यह विद्यालय न केवल शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है, बल्कि शहर की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की वर्तमान स्थिति, आवश्यक मरम्मत, संरचनात्मक मजबूती तथा उसके मूल स्वरूप एवं ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के विषय में शिक्षक और इंजीनियरों से विस्तृत चर्चा की गई।

### जेआरडी स्कूल को बताया विरासत कहा- आधा शहर पढ़कर निकला

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जेआरडी स्कूल केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि दुर्ग शहर की विरासत और पहचान है। इस विद्यालय से हजारों विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यहां से पढ़कर निकले विद्यार्थी आज देश-प्रदेश के अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। खेल, साहित्य, पत्रकारिता, कला, पुलिस, सेना, राजनीति एवं प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में इस विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने दुर्ग का नाम गौरवान्वित किया है। स्वयं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव भी इसी विद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं, जिसके कारण इस संस्था से उनका विशेष भावनात्मक जुड़ाव है।



**सुपर 30 क्लास की योजना :** जेआरडी स्कूल में सुपर-30 योजना प्रारंभ करने की दिशा में भी पहल की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत नीट एवं जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विशेष कोचिंग, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसका उद्देश्य दुर्ग एवं आसपास के विद्यार्थियों को बड़े शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को भी बेहतर अवसर मिल सकें।

### टैगोर हाल का होगा रिनोवेशन

विद्यालय परिसर स्थित ऐतिहासिक टैगोर हॉल का भी निरीक्षण किया गया। यह हॉल वर्षों तक दुर्ग शहर की प्रमुख गतिविधियों का केंद्र रहा है। उस समय जब शहर में बड़े सभागारों का अभाव था, तब अनेक महत्वपूर्ण शासकीय प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक आयोजन इसी हॉल में आयोजित होते थे। शहर के नागरिकों एवं प्रशासनिक व्यवस्था से इस हॉल का गहरा संबंध रहा है। आरईएस विभाग के इंजीनियरों ने जानकारी दी कि टैगोर हॉल का रेनोवेशन करते हुए इसे सुसज्जित किया जाएगा तथा इसमें अटैच बाथरूम सहित आवश्यक सुविधाओं का निर्माण भी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था, फर्नीचर, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक कार्यों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### खेत में पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र के मंगचुवा थाना अंतर्गत ग्राम चिलमगोटा में एक 56 वर्षीय का शव खेत में पेड़ से लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ग्राम चिलमगोटा निवासी रेवाराम निषाद के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है, हालांकि आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रेवाराम निषाद पिछले लगभग नौ वर्षों से अपने परिवार के साथ भिलाई में रह रहा था। उसके परिवार में चार पुत्रियां एवं दो पुत्र हैं, जिनमें से दो पुत्रियों का विवाह हो चुका है। बताया गया कि वह पिछले दो वर्षों से गांव नहीं आया था। इससे पूर्व वर्ष 2024 में अपनी पुत्री के विवाह कार्यक्रम में गांव पहुंचा था। जानकारी के मुताबिक 21 मई को वह किसी कार्य से जाने की बात कहकर भिलाई स्थित अपने घर से निकला था। इसके बाद 22 मई की दोपहर ग्राम चिलमगोटा स्थित उसके खेत में परसा के पेड़ पर उसका शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। खेत की ओर आने-जाने वाले ग्रामीणों ने शव को देखा और इसकी सूचना मंगचुवा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना की सूचना परिजनों को भी दी गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मंगचुवा थाना प्रभारी अजीत महोबिया ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### कांग्रेस सेवादल ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**भिलाई।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा कैलाश नगर कुरूद वार्ड 21 पार्षद नेहा साहू के कार्यालय के पास पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि आतंकवादी विरोधी दिवस और बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। लोगों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वे देश के संचार क्रांति के जनक, पंचायती राज के संस्थापक, युवाओं को मतदान का अधिकार 18 वर्ष में देना, जवाहर नवोदय विद्यालय के संस्थापक और आधुनिक भारत के निर्माता थे।

## खेतिहर जमीन की उर्वरा को संरक्षित करने की पहल

# डीएपी की खपत कम करने इस बार किसानों को सोसाइटियों से मिलेगा मिश्रित खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले में डीएपी खाद की खपत इस बार कम करने के लिए किसानों को मिश्रित खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। सहकारी सोसाइटियों में किसानों को यूरिया की जगह विकल्प के रूप में डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक मिश्रित उर्वरकों का भी स्टॉक किया गया है।

मिश्रित उर्वरकों में शामिल किया गया है। खास बात यह है कि यह मात्रा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित मात्रा है जो रकबे के हिसाब से तय की गई है। किसानों को इसकी जानकारी भी कृषि विभाग मैदानी स्तर पर दे रहा है। इस खाद के उपयोग से यूरिया की खपत कम होगी तथा फसल को संतुलित पोषक तत्व को भी बरकरार रखा जा सकता है। जमीन की उर्वरा शक्ति को भी संरक्षित किया जा सकेगा। इससे खेतों में उत्पादन भी बढ़ेगा।

### खाद के उपयोग से यूरिया की खपत होगी कम



### जिले के 1.32 लाख किसानों को बांटेंगे 67880 एमटी खाद

दुर्ग जिले में 1.32 लाख किसान हैं। इन किसानों को खरीफ 2026 हेतु कुल 67880 मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में सहकारी एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर जिले में 12568 मीट्रिक टन यूरिया 2677 मीट्रिक टन डीएपी, 2000 मीट्रिक टन एनपीके, 4404 मौट्रिक टन एमओपी तथा 6411 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 29035 नीट्रिक टन उर्वरक भंडारण किया गया है। खाद सेवा सहकारी समितियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है।

### अब तक किसानों को बांटे खाद

जिले के 10 हजार 171 किसानों को 3700 मीट्रिक टन यूरिया, 1767 मीट्रिक टन डीएपी, 1264 मीट्रिक टन एनपीके, 1222 मीट्रिक टन एमओपी तथा 2217 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 10171 मीट्रिक टन खाद बांटे जा चुके हैं। वर्तमान में जिले में 8858 मीट्रिक टन यूरिया 910 मीट्रिक टन डीएपी, 1722 मीट्रिक टन एनपीके, 3182 मीट्रिक टन एनओपी तथा 4193 नीट्रिक टन सिंगल सुपर फॉस्फेट कुल 18865 मीट्रिक टन खाद शेष है।

### खाद के साथ दूसरे की टैगिंग प्रतिबंधित

कृषि विभाग ने इस बार निजी खाद दुकानों पर सख्त रवैया अपनाएगा। खाद के साथ दूसरे सामग्री को नहीं बेच सकते। विभाग ने यूरिया, डीएपी, एनपीकेएमओपी. ,एसएसपी के साथ किसी अन्य सामग्री की टैगिंग प्रतिबंधित कर दी है। इसके लिए विभाग ने जिला स्तर पर एक निगरानी समिति का भी गठन किया है। यह समिति खाद के अवैध भंडारण, जमाखोरी कालाबाजारी, अधिक दर आदि के संबंध में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई करेगी। सभी निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक लेकर नियमानुसार उर्वरक का व्यवसाय करने हेतु निर्देश दिया गया है।

### दलहन-तिलहन में हरी खाद

विभाग ने अनुदानित खरीफ वर्ष 2020 में धान सहित दलहन एवं तिलहन फसलों में परंपरागत उर्वरकों के साथ वैकल्पिक उर्वरकों नैनो यूरिया एवं डीएपी के साथ-साथ हरी खाद व जैव उर्वरक जैसे नील हरित काई, एजोरिपरिलियम, पी.एस.बी. इत्यादि के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए व्यापक तैयारी की गई है।

### पर्याप्त खाद उपलब्ध

जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। किसानों को समझाइश दी जा रही हैकि वे खाद का का अत्यधिक क्रय एवं उनके प्रयोग से बचे। सोसायटी या निजी विक्रय केन्द्रों से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित मात्रा के अनुसार फसल और रकबा के आधार पर उर्वरक का उठाव करें।

**-संदीप भोई,** उप संचालक कृषि

# उरला नाला में अवैध प्लॉटिंग महापौर ने फटकारा, तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी बारिश को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा शहर में जलभराव एवं जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग एवं निगम अमले के साथ वार्ड क्रमांक 57 एवं 58 क्षेत्र अंतर्गत उरला-बघेरा नाला पहुंचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बारिश के समय नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए शहर के प्रमुख नालों की व्यापक सफाई, जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने तथा जलभराव संभावित क्षेत्रों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। शंकर नाला मुक्तिधाम के पीछे से प्रारंभ हुए सफाई अभियान के तहत शंकर नगर नाला से अंतिम छोर पटरी पार वार्ड क्रमांक 57 एवं 58 तक युद्धस्तर पर सफाई कार्य कराया जा रहा है। साथ ही संभावित जलभराव क्षेत्रों की पहचान कर वहां आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। बाघमार ने कहा कि निगम प्रशासन बारिश पूर्व सभी आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। शहर के प्रमुख नालों और जलभराव प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि बारिश के दौरान आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, शेखर चंद्राकर, पार्षद सरस निर्मलकर आदि मौजूद थे।



### अवैध प्लाटिंग पर निगम प्रशासन सख्त

निरीक्षण के दौरान महापौर एवं आयुक्त वार्ड क्रमांक 57 क्षेत्र में नाला किनारे अवैध प्लाटिंग की शिकायत पर स्थल निरीक्षण के लिए भी पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महापौर ने अवैध अतिक्रमण एवं नाला क्षेत्र के आसपास हो रहे निर्माण कार्यों पर सख्त रुख अपनाते हुए अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 57 अंतर्गत शंकर नगर नाला के अंतिम छोर पटरी पार बघेरा-उरला मार्ग क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों को सफाई कार्यों में गति बनाए रखने तथा बारिश पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# निगम आयुक्त ने किया जोन चार खुर्सीपार क्षेत्र का औचक निरीक्षण



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं का जायजा लेने जोन-04 खुर्सीपार क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक भवन, निर्माणाधीन भवन, सड़क चौड़ीकरण और सड़क बाधाओं की जमीनी स्थिति को देखा। आयुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने तथा साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 40, छावनी मंगल बाजार स्थित सामुदायिक शौचालय के मरम्मत कार्य एवं सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। वार्ड क्रमांक 41, तिरंगा चौक के समीप स्थित स्कूल में विधायक निधि से किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य तथा समग्र शिक्षा मद से निर्माणाधीन भवन का अवलोकन कर कार्य जल्द पूरा करने को कहा। शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी नगरोत्थान योजना के तहत बी.ई.सी. चौक से लेकर तिरंगा चौक तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

### सामग्री रखने वालों पर चालानी कार्रवाई

मुख्य मार्ग पर रेत रखकर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ आयुक्त ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को सड़क पर अवैध रूप से निर्माण सामग्री रखने वालों के खिलाफ तत्काल चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, सहायक अभियंता चंद्रकांत साहू, बसंत साहू, बालकृष्ण नायडू, हेमंत मांझी मौजूद थे।

### ट्रक चालक और हेल्पर से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** साईड मांगने पर सामने चल रहे वाहन में सवार व्यक्तियो ने ट्रक में सवार दो लोगो के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले अज्ञात 3–4 व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रनचिरई निवासी ध्रुव नारायण सेन ने पुलिस को बताया कि रनचिरई से ट्रक सीजी 07 सीडब्लू 8790 को चलाते हुए चारामा जाने के लिए निकला था, गाड़ी में मेरे साथ हेल्फर बेल्हारी थाना जामगांव आर जिला दुर्ग निवासी दुर्गेश्वर बघेल 19 साल भी था। रात लगभग 10:30 बजे के आसपास जब हम लोग ग्राम अचौद गांधी चौक के पास से गुजर रहे थे, उसी दौरान मेरे गाडी के आगे आगे सुमो सीजी 04 जेएफ 5786 जा रही थी, जिसे मेरे द्वारा साईड लेने के लिए दो तीन बार अपर डीपर दिया, इस पर सुमो गाडी वाला मेरी गाडी के आगे अपनी गाडी को रोक दिया तथा सुमो में सवार लोगो में से दो तीन व्यक्ति उतर कर मेरे गाडी के पास आकर मुझे तुझे आगे जाने की बहुत जल्दी है बोलकर गालीयां देने लगे, तब मैं उन लोगो को गाली देने से मना किया तो वे लोग मुझे व मेरे हेल्फर दुर्गेश्वर बघेल को गाडी से खींचकर नीचे उतारकर गालीयां देते हुए धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, झगडा मारपीट होते देख ग्राम अचौद के लोग आकर बीच बचाव किये।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

मोटर साइकिल से मौसी से मिलकर आ रहे व्यक्ति को ट्रक ने ठोकर मार दी। जिसके बाद घायल व्यक्ति के बड़े भाई ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम बोरिदकला निवासी युवराज मंडावी ने पुलिस को बताया कि मेरा बड़ा भाई गोविंद मंडावी अपने मोटर सायक साइकिल सीजी 05 एई 2855 से मौसी के यहां मिलने ग्राम कपरमेटा, थाना गुरूर जिला बालोद गया था, वहां से मिलकर वापस घर ग्राम बोरिदकला आने के लिए निकला था तभी शाम को एन0एच0 930 मार्ग ग्राम पुरूर फागुन्दाह चौक के पास सामने पुरूर तरफ से आ रही ट्रक सीजी 08 एडब्लू 3411 के चालक डोंगरीटोला, थाना राजेन्द्रग्राम, जिला अनुपपुर मध्यप्रदेश निवासी शिशुपाल सिंग ने मेरे भाई गोविंद मंडावी के मोटर साइकिल को सामने से जोरदार ठोकर मार दिया, एक्सीडेंट करने से मेरा भाई अपने मोटर सायकल साइकिल सहित रोड़ पर गिर गया। जिससे उसके बाएं पैर के टखना के ऊपर चोट आया है एवं मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया है।

सूचना पर मै घटना स्थल पर पहुंचा जहां मेरा भाई रोड़ किनारे अपने मोटर साइकिल सहित घायल अवस्था में मिला, जिसे मैं अपने साथ आये गांव के नरेन्द्र सिन्हा के साथ थाना पुरूर पेट्रोलिंग वाहन में अपने भाई को बिठाकर उपचार हेतु धमतरी ले जाकर भर्ती कराए।

# बीएमएस की आक्रोश रैली में शामिल होंगे 1 लाख से अधिक श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मजदूरों की लंबित मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ द्वारा 1 अक्टूबर को रायपुर में आक्रोश रैली निकाली जाएगी। इसमें 1 लाख श्रमिक भाग लेंगे। दुर्ग जिला में इसके प्रचार के लिए रणनीति बनी।

बीएमएस की अंबिकापुर में हुई बैठक में तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में बीएमएस के कार्यसमिति सदस्य विभाग प्रयुख, जिलाध्यक्ष, जिलामंत्री एवं विभिन्न यूनियन, महासंघ के पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने जिले यूनियन एवं महासंघ में हुए कार्यों का वृत्त प्रस्तुत किया, प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे ने प्रदेश मे नए क्षेत्रीय संगठन मंत्री सी वी राजेश ने यूनियन गतिविधि बढ़ाने एवं यूनियन के कार्य क्षेत्र में विस्तार करने की आवश्यकता बताई। क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने कहा कि अब समय पत्र देने का नहीं खुलकर संघर्ष का है लगातार पत्र देने के बाद भी सरकार द्वारा यूनियन की मांग पर सकारात्मक पहल ना करने पर, सभी यूनियनों के विषय को लेकर एक बड़े आंदोलन की आवश्यकता बताई।



### यह हैं मजदूरों की मांगें

दुर्ग जिले मेंबीएसपी के ठेका श्रमिकों की छटनी,सुविधाओं में असमानता, औद्योगिक क्षेत्र मे कर्मचारियों की छटनी,कम वेतन मिलना,उद्योगो मे वेतन समझौता, सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र देना,श्रमिकों को यूनियन बनाने से रोकना,अस्पताल कर्मचारियों से निर्धारित समय से अधिक कार्य करवाना और उनको उचित वेतन न देना । शासकीय विभागों एवं निगम मंडल में दस वर्ष से कार्य कर रहे संविदा कर्मियों को नियमित करना, ट्रक ड्राइवरो की समस्याओ, इलेक्ट्रिक आटो के लिए चार्जिंग प्वाईंट बनाना, आँगन बाडी, आशा वर्कर, रसोइया कर्मियों को श्रमिक का दर्जा देना, निर्माणी यूनियन के पदाधिकारियों को नियोजन का अधिकार देना, गिग वर्कर्स को सोशल सिक्योरिटी देना, परिवहन कल्याण बोर्ड की स्थापना करना, सुरक्षा गार्ड से 12 घंटे ड्यूटी के बाद कम वेतन देना, होटल कर्मियों के लिए पीएफ ईएसआई एवं कार्य घंटे लागू करवाना आदि मांगें शामिल हैं।

## मंत्री यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# नई तकनीक से लैस है हाईटेक इमरजेंसी वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में था आयोजन
- आईजी और एसएसपी समेत अफसर मौजूद थे

जिले की पुलिस के पास 35 नई इमरजेंसी रिस्पांस वाहन (ईआरवी) मिले। इसके साथ चार हाईवे पेट्रोलिंग वाहन भी मिला है। इन वाहनों के शुरू होने से जिले की पुलिस पहले से अधिक हाईटेक होगी, क्षमता और तेज होगी। सड़क हादसे, अपराध या किसी भी आपात स्थिति में लोगों तक जल्दी मदद के लिए पहुंचेगी। जिसका शुभारंभ सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में डायल-112 फेज 2 नेक्स्ट जेन सेवा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने नई डायल-112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। इसी सोच के तहत डायल-112 सेवा को नई तकनीक और आधुनिक संसाधनों से जोड़ा गया है। इन वाहनों में जीपीएस सिस्टम, पीटीजेड कैमरा, डैश कैमरा, मोबाइल डेटा टर्मिनल जैसी सुविधाएं हैं। कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी और घटनास्थल तक जल्दी पहुंचना अब आसान होगा। आईजी अभिषेक शांडिल्य ने कहा कि डायल-112 फेज-2 परियोजना पुलिस व्यवस्था को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में अहम पहल है। इससे पुलिस की प्रतिक्रिया और बेहतर होगी।




### प्रमुख सड़कों पर तैनात होगा

नए वाहनों से लोगों को कम समय में मदद मिलेगी। हाईवे पर होने वाली हादसों में भी तुरंत कार्रवाई हो सकेगी। कार्यक्रम के दौरान नई डायल-112 वाहनों का प्रदर्शन भी किया गया। इसके अलावा एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में मिले सभी 35 ईआरवी और 4 हाईवे पेट्रोलिंग वाहनों को अलग-अलग थाना क्षेत्रों और प्रमुख सड़कों पर तैनात किया जाएगा। साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी लोगों को जल्दी सहायता मिल सकेगी।

## पेज 11 के शेष

### बालोद पुलिस को मिली...

बनाया जा सकता है। प्रमुख फॉरेंसिक किट्स के तहत क्राइम सीन सुरक्षा, सामान्य जांच, साक्ष्य संग्रहण, फिंगरप्रिंट, फुटप्रिंट, टायर मार्क, फॉरेंसिक लाइट, जैविक साक्ष्य ब्लड, डीएनए, नार्कोटिक्स, विस्फोटक, आगजनी, ळैत एवं बैलिस्टिक जांच से संबंधित सभी आवश्यक किट्स उपलब्ध हैं।

### परिवार में मारपीट...

बंजारे, नरेन्द्र बंजारे के साथ विवाद हुआ था। सुबह ग्राम पुनः रात में हुए विवाद और जमीन बंटवारे की बात को लेकर बुआ कांति देशलहरे, सुमीन देशलहरे, चाचा नारायण बंजारे, नरेन्द्र बंजारे के द्वारा मुझे गालियां देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं तथा बाल पकडकर खींचे है। बीच बचाव करने आयी मेरी छोटी बहन पल्लवी बंजारे के साथ भी गाली गलौज कर मारपीट कर उसका भी बाल खीचें है। मारपीट से मेरी छोटी बहन की दाहिने हाथ की अंगुली में चोट आयी है। जिसमें पुलिस ने 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर...

हमेशा साथ रखते हैं।मौर्य मंडल टीम के कार्यों की तारीफ करते नगर के एकता व्यापारी संघ अध्यक्ष ओम गोलछा, गौ सेवा समिति के बी एल वैस्नव, पत्रकार संघ प्रमुख तेज राम साहू,जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, नगर अध्यक्ष मोहतिन चोरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर सहित वार्ड वाशियों ने सहयोग का आश्वासन देकर आगामी दिनों में पशु सेवा में आगे बढ़ते रहने की बात कही।

### दो किसानों में विवाद...

296, 351(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चीरचार निवासी रेखलाल 55 वर्ष ने पुलिस को बताया कि दोपहर मे गौरी देशमुख ने अपने दुकान के पास मिला और मेरे खेत में पानी क्यो छोडे हो मेरा जमीन गीला हो गया है, बोलकर मुझे गाली गलौज करते हुए आकर हाथ मुक्का से मेरे सिर मे मारा तथा मेरा दाहिने हाथ को पकड़कर मरोड दिया, तब गौरी देशमुख के दोनो लड़का शेशु और देवा दोनो आकर बीच बचाव किये है।

### शिकायत करने से...

कुणाल बारले ने पुलिस को बताया कि रात्रि मैं अपने गॉव के चौक के पास बैठा हुआ था, तभी मेरे गॉव का पंकज भारती मेरे पास आया है और बोला कि तुम मेरे पिता जी के पास जाकर मेरा शिकायत करते हो कहते हुए मुझे गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्के व अपने हाथ मे पहने हुए चुड़ा से मारपीट किया है। जिससे मुझे मेरे बाए आंख के नीचे व दाहिने हाथ की कलाई में चोट लगा है, खून निकल रहा है, दर्द हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### जन्मदिन पर भूपेन्द्र साहू ने आंगनबाड़ी बच्चों को कराया न्योता भोज



अण्डा। ग्राम चंदखुरी के युवा समाजसेवी भूपेन्द्र साहू ने अपने जन्मदिन को खास अंदाज में मनाते हुए बस स्टैंड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में बच्चों के बीच नेवता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों को स्वादिष्ट खीर-पूड़ी एवं ठंडी शरबत परोसी गई, जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह और खुशी के साथ ग्रहण किया। भूपेन्द्र साहू ने कहा कि वे समय-समय पर शुभ अवसरों पर स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में बच्चों के लिए नेवता भोज का आयोजन करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के बीच इस तरह सेवा कार्य करने से आत्मीय सुख और संतोष की अनुभूति होती है। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा देवांगन, सहायिका पूर्णिमा देशमुख, सूर्यांश साहू, दिव्यांश साहू, राधेलाल सोनी, शिक्षाविद दुष्यंत चंद्राकर एवं जग्गू निषाद उपस्थित रहे। सभी ने भूपेन्द्र साहू को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विद्यार्थियों ने किया पंचायत कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण

अंडा। शैलदेवी महाविद्यालय अंडा के छात्र-छात्राओं द्वारा शैक्षणिक एवं प्रायोगिक कार्य के अंतर्गत जिला एवं जनपद पंचायत कार्यालय, अण्डा, दुर्ग का भ्रमण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पंचायत सचिव रश्मि सिंग राजपूत से मुलाकात कर स्थानीय स्तर पर संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। पंचायत सचिव द्वारा विद्यार्थियों को ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छता अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पोषण अभियान तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के उद्देश्य एवं उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आम जनता तक पहुँचाने के तरीकों से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका सचिव द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की वास्तविक जानकारी प्रदान करना था।

# डौंडी लोहारा में संत शिरोमणि रविदास अहिरवार समाज का भव्य जिला स्तरीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

संत शिरोमणि रविदास अहिरवार समाज का संयुक्त जिला स्तरीय ऐतिहासिक एवं भव्य सम्मेलन 22 मई को डौंडी लोहारा स्थित पटेल भवन में सामाजिक एकता, संगठनात्मक मजबूती एवं समाजहित के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। लगभग 40 वर्षों बाद आयोजित इस सम्मेलन में बालोद, धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, राजनांदगांव, मानपुर-मोहला, खैरागढ़-गंडई एवं महासमुंद सहित विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारी, समाजसेवी एवं युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि रविदास जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सम्मेलन में समाज को गांव-गांव तक संगठित करने, युवाओं को नेतृत्व से जोड़ने तथा सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास के लिए संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। बालोद जिला अध्यक्ष कल्याण सिंह भांडेकर ने कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए नियमित बैठक, सदस्यता अभियान एवं सामाजिक संवाद आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक अधिकार, आर्थिक सहयोग एवं युवा नेतृत्व निर्माण की दिशा में ठोस कार्य करने का आह्वान किया। राजनांदगांव जिला अध्यक्ष राम सिंह खरे ने युवाओं की सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया, वहीं गरियाबंद जिला अध्यक्ष सतीश चौरे ने सामाजिक जागरूकता अभियान एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। धमतरी जिला अध्यक्ष ईश्वर चौरे ने सामाजिक एकता एवं नियमित संपर्क अभियान को आवश्यक बताया। मानपुर-मोहला जिला अध्यक्ष मानू राम मालेकर ने ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन विस्तार पर जोर दिया। रायपुर जिला अध्यक्ष अरविंद कुंभारे ने शिक्षित युवाओं को नेतृत्व देने एवं डिजिटल माध्यम से संगठन को जोड़ने की आवश्यकता बताई। खैरागढ़-गंडई जिला अध्यक्ष रघुनंदन राड़ेकर एवं महासमुंद जिलाध्यक्ष चन्द्र कुमार विदानी ने सामाजिक भवन, छात्र सहायता कोष एवं सामूहिक सामाजिक कार्यक्रमों को नियमित रूप से संचालित करने के सुझाव दिए। सम्मेलन में प्रत्येक जिले में ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर संगठन समितियों के गठन, युवाओं के लिए मार्गदर्शन शिविर, छात्रवृत्ति सहायता अभियान, नशामुक्ति अभियान, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम एवं सामूहिक विवाह आयोजन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता के लिए जिला स्तरीय सहयोग समिति बनाने पर भी सहमति बनी।



## अभियान : विधायक अनिला भेड़िया सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

# सुशासन तिहार के तहत ग्राम संजारी में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य सरकार द्वारा आम जनता के बीच पहुंचकर उनके मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम संजारी में गुरूवार 21 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

डौण्डीलोहारा अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवनाथ बघेल ने बताया कि 21 मई को ग्राम संजारी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान निर्धारित समयावधि तक अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा शिविर में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया गया। उन्होंने बताया कि 21 मई को सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे शिविर स्थल में उपस्थित होकर अपने कार्यों का सुचारू संपादन प्रारंभ कर दिया था। जनसमस्या निवारण शिविर में विधायक अनिला भेड़िया के अलावा जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, जिला पंचायत सदस्य चुन्नी मानकर एवं श्रीमती प्रभा मानकर एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। एसडीएम बघेल ने बताया कि जनसमस्या निवारण शिविर में पंजीयन कांउटर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा निर्धारित अवधि दोपहर 03 बजे तक शिविर में उपस्थित आम नागरिकों से मांग, शिकायतों एवं अन्य आवेदन प्राप्त किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में आम नागरिकों से कुल 352 आवेदन प्राप्त किया गया। बघेल ने बताया कि निर्धारित तिथि 03 बजे के बाद जनसमस्या निवारण शिविर का समापन किया गया। शिविर में कार्यपालन अभियंता जल संसाधन, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, जिला जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। एसडीएम बघेल ने बताया कि गुरूवार 21 मई को ही गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद में भी जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन होने से कुछ विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के स्थान पर इनके प्रतिनिधि के रूप में संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी शिविर में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन किए।





# तारींभरदा में श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई कबीर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला के तारींभरदा में इस वर्ष 2026 में पहली कबीर जयंती मनाई गई। इस वर्ष जेष्ठ पूर्णिमा दो बार है, इसलिए जगह-जगह दो माह तक कबीर जयंती मनाई जायेगी। भक्त बुधकर साहब की स्मृति में कबीर जयंती मनाई जाती है। बुधकर साहब थे तब से आज तक लगातार 35 सालों से सद्गुरु कबीर जयंती मनाई जा रही है।

इस अवसर पर सुयश साहेब कबीर आश्रम गुरुर ने कहा मानव तन, सद्गुरु का मिलन और मोक्ष की इच्छा होना तीनों दुर्लभ है, जिसको तीनों मिल गया मानो उनका बेड़ा पार हो गया। संत दिनेंद्र साहेब कबीर आश्रम दुपचेरा ने कहा लगभग 600 वर्ष पूर्व कही गई सद्गुरु कबीर की वाणी आज भी प्रासंगिक है। सद्गुरु कबीर के विचारों में कहीं भी भेदभाव नहीं है, जाति, धर्म, संप्रदाय, नर- नारी में कहीं भेदभाव नहीं रखते। श्री कबीर आश्रम करहीभदर के व्यवस्थापक संत सुशांत साहेब ने कहा कबीर साहेब सबसे हिल मिलकर रहना सिखाते हैं और प्रेम का पाठ पढ़ाते हैं। ढाई आखर प्रेम को पढ़े वही पंडित है। कहा पंडित वे हैं जिसके अंदर मानवीय सद्गुण हो दया, क्षमा, शील, संतोष, विवेक, विचार, गुरु भक्ति, ज्ञान वैराग्य हो वही पंडित है। देवेंद्र साहेब ने कहा सद्गुरु कबीर ने किसी के साथ मुलहजा नहीं की यानी मीठी-मीठी बातों से खुश करने की बात नहीं की। उन्होंने कहा सुख से जीना है तो तीन बातों पर ध्यान देना चाहिए -पहली बात प्रसन्न रहना सीखें, दूसरी बात दूसरों को सम्मान दें, तीसरी बात सबके साथ मीठा बोले। इस अवसर पर दिनाबाई साहू, नंदिता, पुष्पा, चित्रलेखा, संत दुलारी पारखी कांकेर, श्वेता, उपासना खैरवही, परिधि, हर्षिता भोपाल पुष्पेंद्र, प्राची, गोकुलपुर, तृप्ति, पृथ्वी आर्या, डेविड, शारदा भोपाल, चेतन साहू तारएँ , अनीता, जीवन, भीमसेन, पुरुषोत्तम साहू, मधुबाला, भावना, मंजू एवं गांव के भक्त उपस्थित थे।

# रेडक्रॉस वाटिका बनी पर्यावरण संरक्षण की मिसाल, संजय बंजारे की पहल की हो रही सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौडी



- फलदार और धार्मिक पौधों से सजी सुंदर वाटिका

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के दिशा निर्देशन में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पर्यावरण संरक्षण की एक अनूठी पहल की उदाहरण देखने मिली। विकासखंड रेडक्रॉस प्रभारी संजय बंजारे एक पर्यावरण प्रेमी के रुप जाने जाते हैं। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जब से रहने आए तब से कालोनी में अपने मकान के समक्ष एक छोटी-सी जगह पर शासन प्रशासन की अपील पर लंबी दूरदर्शिता के साथ एक छोटे स्तर पर समाज के लिए उदाहरण स्वरूप पौधरोपण कर रेडक्रॉस वाटिका का निर्माण किए हैं। जिसमें कालोनी में निवासरत तात्कालीन निवासरत अधिकारी राजस्व विभाग से नायाब तहसीलदार बिजली विभाग से एसीसटेंट इंजीनियरिंग विशाल सिंग एवं आर आई शिक्षक एवं पुलिस एवं सभी विभागों के कर्मचारी के साथ सामंजस्य एवं सहयोग से सभी ने मिलकर वाटिका में पेड़ पौधे लगाए हैं। विभिन्न प्रकार के फलदार वृक्षों में तीन आम , आंवला,दो जाम,दो मुनग, तीन नींबू, 2पपीता, अनार,साथ ही अध्यात्मिकता की दृष्टि से पूजा करने योग्य पौधा में शमी, पारिजात बेल एवं आंवला का पौधा एवं पूजा करने के लिए उपयोग करने के लिए तरह तरह के फूल जैसे गुड़हल,गेंदा ,गुलाब, मोंगरा ,चमेली जैसे विभिन्न प्रकार के फूलों से सुसज्जित वाटिका का निर्माण स्वयं के खर्चे पर किया गया है। संजय बंजारे ने बताया कि वाटिका निर्माण करने के का विचार उनके मन में शासन प्रशासन की पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल स्वरूप स्कूल कालेज एवं समाज के प्रत्येक नागरिक से की समय समय पर किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण की अपील से आया उन्होंने तात्कालीन कलेक्टर एवं तत्कालीन एसडीएम एवं तहसीलदार के मंशानुरूप लगाए गए पौधरोपण एवं लगाए गए पौधे की जवाबदारी भी सुनिश्चित करने की आदेशानुसार स्वयं के खर्चे पर मिट्टी लाकर जेसीबी लगाकर पहले जगह की समतलीकरण कराकर एवं चारों तरफ़ से गाय,बैल एवं जीव जंतुओं से सुरक्षित रखने हेतु सीमेंट के छोटे छोटे पोल एवं तार जाली से घेरकर स्वच्छ आक्सीजोन क्षेत्र का निर्माण किया है। जिसकी ताजी आक्सीजन एवं छांव का लाभ ब्लांक मे निवासरत परिवार को लगातार मिल रही है। सजय बंजारे लगातार पिछले चार पांच वर्षों से अपने बच्चों की तरह पेड़ पौधों की देखभाल भी कर रहे हैं समय समय पर जैविक खाद एवं पानी देकर छोटे से बड़े कर एक मिशाल कायम कर रहे साथ ही साथ जब पेड़ बड़े हो गए फल फ़ूल भी फलने और खिलने लगे हैं। व्यापारिक संघ के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए चार सौ पेड़ लगाए गए हैं उसमें भी शासन प्रशासन के अधिकारीयों एवं व्यापारियों के साथ सहभागिता सुनिश्चित कर उनके संरक्षण में भी लगातार अपना योगदान दे रहे हैं और सभी नागरिकों से अपील कर रहे कि जहां भी आप रह रहे हैं उन जगह पर जो खाली पड़े हो जहां पर पेड़ पौधे लगाए जा सकते हैं।

# सेजेस अंडा के विद्यार्थियों ने किया फोटो स्टूडियो का शैक्षणिक भ्रमण



अंडा। शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत सेजेस अंडा दुर्ग विद्यालय के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों का ऑन जॉब ट्रेनिंग (ओ. जे. टी) प्रशिक्षण अंतर्गत राज फोटो स्टूडियो का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर के मार्गदर्शन एवं वोकेशनल ट्रेनर दामिनी साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कैमरा संचालन, स्टूडियो लाइटिंग, फोटोशूट एवं फोटो एडिटिंग की व्यावहारिक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लेते हुए प्रोफेशनल फोटोग्राफी से जुड़ी विभिन्न तकनीकों को करीब से समझा। साथ ही कैमरा संचालन एवं फोटोशूट गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर स्टुडियो संचालक नीलाम्बर धीवर ने विद्यार्थियों को स्टूडियो कार्यप्रणाली एवं प्रोफेशनल फोटोग्राफी की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल फोटोग्राफी एवं एडिटिंग के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं और यह क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर ने कहा कि इस प्रकार के प्रायोगिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं और उन्हें नई तकनीकों से जोड़ते हैं। वहीं वोकेशनल ट्रेनर दामिनी साहू ने कहा कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना आवश्यक है, ताकि वे इंडस्ट्री आधारित कार्यप्रणाली को समझ सकें और अपने करियर में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की।

# राहुल गांधी के बयान के विरोध में अर्जुंदा में भाजयुमो का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुंदा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी के के खिलाफ अर्जुंदा में शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बस स्टैंड चौक पर प्रदर्शन किया।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर जिला सरकारी केंद्रीय उपाध्यक्ष नरेश यदु ने कहा कि लगातार चुनावी पराजय के कारण कांग्रेस नेताओं की भाषा और व्यवहार में निराशा साफ दिखाई दे रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज चौधरी ने राहुल गांधी के बयान की कड़ी निंदा की। उन्होने कहा प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व में देश की जनता की समृद्धि से आज राहुल गांधी के सीने में सांप लौट रहा है।

इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष अध्यक्ष नवीन राजपूत, महामंत्री गुमान यादव, प्रकोष्ठ जिला संयोजक चंद्रहास देवांगन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, संजय साहू, देवेंद्र यदु, गिरधर निषाद, विनोद सिन्हा, कमलेश साहू, देवेंद्र साहू, मुरली मनोहर, राम मांडले, दुष्यंत सिन्हा, असलम खान, कमल साहू, निरंजन साहू, ज्ञान सिंह ठाकुर, रितेश देवांगन, मनोज साहू, ऋषभ शर्मा, शिखर साहू, ढालेंद्र ठाकुर, राजकुमार कश्यप, रमेश सोनी उपस्थित थे।



## आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्र निर्माण का दिया जाएगा संदेश

# अंडा में 108 घरों में होगा गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग जिले के ग्राम अंडा (गांधी नगर) में रविवार 24 मई 2026 को आध्यात्मिक चेतना, संस्कार जागरण एवं राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से भव्य "108 घरों में गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ" का आयोजन किया जाएगा। यह पुण्य आयोजन गायत्री परिवार के प्रेरणास्त्रोत गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। कार्यक्रम का आयोजन गायत्री परिवार एवं ग्राम अंडा के समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है।

इस विशेष महायज्ञ के अंतर्गत गांव के 108 घरों में एक साथ वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ एवं आध्यात्मिक साधना का वातावरण निर्मित होगा। आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों, सद्भावना, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं सकारात्मक सोच का संदेश जन-जन तक पहुंचाना भी है।

आयोजकों के अनुसार यज्ञ के माध्यम से स्वस्थ शरीर, स्वच्छ विचार, सुखी परिवार एवं शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। सामूहिक यज्ञ से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सकारात्मक वातावरण का संचार होगा, जिससे लोगों में नई चेतना और जागरूकता का विकास होगा।

कार्यक्रम में गायत्री परिवार के साधक, विद्वान परिजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल होकर राष्ट्र कल्याण, विश्व शांति एवं मानवता के मंगल की कामना करेंगे। आयोजन को लेकर ग्राम अंडा सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

गायत्री परिवार एवं आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं और नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यज्ञ, संस्कार एवं आध्यात्मिक चेतना के इस पुण्य अभियान का लाभ लेने की अपील की है। यह आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव एवं भारतीय सनातन परंपरा का प्रेरणादायी उदाहरण बनेगा। यह जानकारी डा एन. के. सिन्हा ने दी।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
सस्ती नहीं
मुफ्त बिजली
की ओर बढ़ता
छत्तीसगढ़
छ.ग. में ऑन-ग्रिड सिस्टम स्थापना की
प्रारंभिक कंपनियों में से एक
सरकार द्वारा 108000 अनुदान राशि
सुपर प्रीमियम क्वालिटी
क्या आपका सोलर स्ट्रक्चर 25 साल चलेगा...!
आईये हम देते हैं 25 साल चलने वाला सोलर स्ट्रक्चर
खूबियाँ :-
उच्च दक्षता वाला पैनल एवं इन्वर्टर
4-5 एमएम मोटाई वाला एमएस हॉट डीप स्ट्रक्चर
एसी-डीसी कॉपर केबलिंग प्रीमियम क्वालिटी ब्राण्ड के साथ
उच्च गुणवत्ता वाले एचएमएस पीवीसी पाइप एवं एसएस नट-बोल्ट
5 साल की इंश्योरेंस पॉलिसी सुविधा उपलब्ध
सोलर में 5% की अतिरिक्त छूट*
*ऑफर 31 मई तक लागू
adani Solar
HAVELLS
WAAREE
LUMINOUS SOLAR
TATA POWER SOLAROOF
RAREBOX SOLAR
Opp. SBI ATM, Ashwani Nagar, Raipur (C.G.) 9630131550, 9039015615
ATUL PUBLICITY